बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड
Bihar State Power (Holding) Company Limited

बिहार सरकार का उपक्रम (A Govt. of Bihar Undertaking)
सामान्य प्रशासन विभाग (Department of General Administration)
GST Number : 10AAFCB2394A2ZD, CIN Number : U40102BR012SGC018495

आवश्यक सूचना

PR-18981(NI NI) 2023-24

(नियोजन सूचना संख्या–01/2024, 02/2024, 03/2024, 04/2024 एवं 05/2024)
पदनाम – सहायक कार्यपालक अभियंता (GTO), कनीय विद्युत अभियंता (GTO), पत्राचार लिपिक–भंडार सहायक/कनीय लेखा लिपिक एवं तकनीशियन ग्रेड–3

Civil Appeal No.-18802/2017, Dr. Bhim Rao Ambedkar Vichar Manch, Bihar Vrs. State of Bihar में माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश के आलोक में सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के पत्र संख्या–11/आ.–न्याय–73/2024– 12679/ सा.प्र. दिनांक 12/08/2024 द्वारा प्रकाशित बिहार गजट में "तांती (ततवा)" जाति को अत्यंत पिछड़े वर्गों की सूची (अनुसूची–1) के क्रमांक–33 पर पुनर्स्थापित किया गया है।

2– उक्त के परिपेक्ष्य में बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड के नियोजन सूचना संख्या–01/2024, 02/2024, 03/2024, 04/2024 एवं 05/2024 के तहत् विभिन्न विज्ञापित पदों पर ऑनलाईन आवेदन किए तांती (ततवा) जाति के उम्मीदवारों को अपने User ID, Paswword एवं OTP के माध्यम से login करते हुए आवेदन में अपने आरक्षण कोटि से सम्बन्धित सुधार हेतु निम्नरूपेण समय–सीमा निर्धारित किए जाते है :–

1	आवेदन में सुधार करने की आरंभिक तिथि	21/10/2024 से
2	आवेदन में सुधार करने की अंतिम तिथि	26/10/2024 तक

नोट –

क) निर्धारित अवधि के उपरांत संबंधित आवेदकों के आवेदन में अपने आरक्षण कोटि से सम्बन्धित सुधार के संदर्भ में किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा एवं तांती (ततवा) जाति के प्रभावित उम्मीदवारों के द्वारा निर्धारित अवधि में सुधार नहीं किए जाने की स्थिति में संदर्भित उम्मीदवारों के अभ्यर्थित्व पर बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड निर्णय लेने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

ख) आरक्षण कोटि से सम्बन्धित सुधार हेतु लिंक (URL) बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड के अधिकृत बेवसाईट पर www.bsphcl.co.in पर निर्धारित तिथि से उपलब्ध करा दिया जायेगा।

ग) आवेदन सुधार के क्रम में तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड के Customer helpdesk No.:- 91-9513253397 पर कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है अथवा bsphclrecpat@gmail.com पर ईमेल भी किया जा सकता है।

घ) उपरोक्त पदों के लिए आयोजित होने वाली CBT के कार्यक्रम के संबंध में सूचना का प्रकाशन अलग से किया जायेगा।

ङ) विज्ञापन की शेष शर्त्ते यथावत रहेगी।

महाप्रबंधक (मा०सं० / प्रशा०)